# संत चलाएंगे गौ सम्मान अभियान

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 25 अप्रैल.** संतों ने गौसेवा, सम्मान और सुरक्षा के लिए गौसम्मान आह्वान अभियान शुरू किया है। वे गांव-गांव में जाकर गौ संरक्षण के लिए जनमानस को जाग्रत करेंगे। शनिवार को ग्वालियर आए संत रामप्रकाश महाराज ने कहा कि गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने तहसील स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। संतों के नेतृत्व में आमजन कलश यात्रा लेकर तहसील पहुंचेंगे, जहां प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन देकर अनुरोध किया जाएगा कि गाय को राष्ट्रमाता घोषित किया जाए।



उन्होंने बताया कि इस कड़ी में 27 अप्रैल को गौसम्मान दिवस मनाया जाएगा। इस दिन तहसील स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा। 27 जुलाई को कलेक्ट्रेट पर एवं 27 अक्टूबर को राज्य सचिव के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि 27 फरवरी को दिल्ली में 30 हजार गौभक्त जुटेंगे और छह माह तक वहां शांतिपूर्ण बैठकर सरकार को पत्र लिखेंगे। संत बालकदास ने कहा कि गाय लोगों के घर से नहीं निकली, बल्कि लोगों के हृदय से निकल गई है, जिसकी वजह से ऐसे आंदोलनों की जरूरत पड़ रही है। पत्रकारवार्ता को श्रीराम शर्मा, निगम तोमर एवं श्रीराम शर्मा एवं राष्ट्रीय सनातन सभा के अध्यक्ष पंकज ठाकुर ने भी संबोधित किया।

# सनराइजर्स हैदराबाद ने लगाया जीत का 'चौका'

## वैभव सूर्यवंशी का शतक गया बेकार

**नवभारत न्यूज**
**जयपुर.** सनराइजर्स हैदराबाद ने शनिवार को आईपीएल 2026 के 36वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को 5 विकेट से हराया। राजस्थान रॉयल्स ने वैभव सूर्यवंशी की शतकीय पारी की मदद से पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 228 रन बनाए। इसके जवाब में सनराइजर्स हैदराबाद ने अभिषेक शर्मा और ईशान किशन की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत 9 गेंद शेष रहते मैच अपने नाम किया। सनराइजर्स हैदराबाद ने 18.3 ओवर में 5 विकेट खोकर 229 रन बनाए। हैदराबाद के लिए ईशान किशन ने सर्वाधिक 74 रन बनाए।

राजस्थान रॉयल्स ने शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 228 रन बनाए। राजस्थान के लिए वैभव सूर्यवंशी ने सर्वाधिक 103 रन बनाए। 229 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम को ट्रेविस हेड के रूप में पहला झटका लगा। हेड 5 गेंद में 6 रन ही बना सके। इसके बाद अभिषेक शर्मा और ईशान किशन ने पारी को संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 55 गेंद में 132 रन की साझेदारी हुई। अभिषेक शर्मा 29 गेंद में 57 और ईशान किशन 31 गेंद में 74 रन बनाकर आउट हुए। नितीश रेड्डी ने 18 गेंद में 36 और हेनरिक क्लासेन ने 24 गेंद में 29 रन की पारी खेली।

राजस्थान रॉयल्स को यशस्वी और वैभव ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी हुई। यशस्वी जायसवाल 8 गेंद में 10 रन बनाकर आउट हुए। ध्रुव जुरेल 35 गेंद में 51 रन बनाकर पवेलियन लौटे। वैभव सूर्यवंशी 37 गेंद में 103 रन बनाकर पवेलियन लौट गए हैं। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और 12 छक्के लगाए। रियान पराग 9 गेंद में सात रन ही बना सके। हेटमायर 11 और फरेरा 33 रन बनाकर आउट हुए। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए ईशान मलिंगा ने दो, जबकि पैट कमिंस, प्रफुल हिंगे, साकिब हुसैन और नीतिश कुमार रेड्डी ने एक एक विकेट झटका।

### राजस्थान-हैदराबाद की प्लेइंग इलेवन

सनराइजर्स हैदराबाद (प्लेइंग इलेवन): अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, हेनरिक क्लासेन, सलिल अरोड़ा (विकेट कीपर), अनिकेत वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, पैट कमिंस (कप्तान), शिवांग कुमार, साकिब हुसैन, प्रफुल्ल हिंगे, ईशान मलिंगा राजस्थान रॉयल्स (प्लेइंग इलेवन): यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल (विकेट कीपर), रियान पराग (कप्तान), शिमरोन हेटमायर, डोनोवन फरेरा, रवींद्र जडेजा, जोफ्रा आर्चर, तुषार देशपांडे, नंद्रे बर्गर, बृजेश शर्मा



# किसानों को भूमि अधिग्रहण पर चार गुना मुआवजा, किसान मोर्चा ने मनाया जश्न

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 25 अप्रैल.** प्रदेश सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण पर किसानों को मिलने वाले मुआवजे को बढ़ाकर चार गुना किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ने जश्न मनाया। उपनगर मुरार के अग्रसेन चौराहे पर आतिशबाजी कर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया गया और मुख्यमंत्री मोहन यादव को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

शनिवार को अग्रसेन चौराहा मुरार पर किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष गिर्राज व्यास के नेतृत्व में भाजपा के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया के मुख्य आतिथ्य में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई और मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया, इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को धन्यवाद दिया गया। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में लिया गया यह निर्णय ऐतिहासिक है। पूर्व में भूमि अधिकरण पर किसानों को केवल दो गुना मुआवजा दिया जाता था लेकिन मोहन यादव सरकार ने इसे बढ़ाकर चार गुना कर दिया है जो प्रदेश के किसानों के लिए बड़ी राहत की बात है।

कार्यक्रम संयोजक नीटू गुर्जर एवं मीडिया प्रभारी पंकज पाठक ने बताया कि गेहूं खरीदी कोटा 78 लाख से बढ़ाकर हुआ 100 लाख मेट्रिक टन कर दिया है और और किसानों की फसल उपार्जन की अवधि को 30 अप्रैल से बढ़ाकर 9 मई कर दिया गया है। इससे परियोजनाएं समय पर पूरी होंगी, विकास कार्य निर्विघ्न होंगे, ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और किसान समृद्ध होंगे।

इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष गिर्राज व्यास, पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक जैन, बैजनाथ चुराया, अविनाश यादव, मंडल अध्यक्ष मुकेश दुबे, कार्यक्रम संयोजक नीटू गुर्जर, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजू यादव, अरविंद शर्मा, शेरु नरवरिया, बसंत गर्ग, अनु सविता, संतोष पांडे, भंडारी सेजवार, गणेश समाधिया, राहुल बाथम, रवि पचौरी, प्रिंस सिकरवार, मोनू दुबे, नवल गुप्ता, संदीप अग्रवाल, विक्रम दंडोतिया, राहुल गुप्ता एवं किसान बंधु उपस्थित रहे।

## जुए के फड़ पर रेड, हार-जीत का दांव लगाते आठ धरे

**ग्वालियर।** डबरा सिटी थाना पुलिस द्वारा क्षेत्र में सजे जुए के फड़ पर छापामार कार्रवाई करते हुए आठ जुआरिओं को हार-जीत के दांव लगाते हुए रंगेहाथों धर दबोचा। मौके से एक लाख रुपए से अधिक नगदी सहित ताश की गड्डी जब्त हुई है। पकड़े गए जुआरिओं के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत कायमी की है।

एसएसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर पुलिस द्वारा जुआरियों व सटोरियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बीती शाम डबरा सिटी थाना पुलिस को मुखबिर के जरिए - सूचना प्राप्त हुई कि क्षेत्र की फड़ सजाकर जुआ खेला जा रहा है। उक्त जानकारी एएसपी जयराज कुबेर को दिए जाने पर उन्होंने तत्काल डबरा एसडीओपी सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में थाने की टीम को बताए गए स्थान पर पहुंचाया। पुलिस टीम द्वारा वहां पहुंचकर घेराबंदी करते हुए दबिश दी दांव लगा रहे जुआरिओं में भगदड़ मच गई। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए आठ जुआरिओं को दबोच लिया, जबकि उनका एक साथी मौका पाकर भाग निकलने में सफल रहा। मौके से पुलिस द्वारा 102800 रुपए नगदी व ताश की गड्डियां जब्त हुई हैं।

# वीनस में प्री-टीन विकास एवं यौवन जागरूकता सत्र आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 25 अप्रैल.** वीनस पब्लिक स्कूल में कक्षा 7 एवं 8वीं की छात्राओं व उनकी माताओं के लिए एक ज्ञानवर्धक शैक्षिक एवं जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के बचपन से किशोरावस्था की ओर बढ़ते महत्वपूर्ण चरण को समझना तथा अभिभावकों को इस परिवर्तनशील समय में उचित मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यशाला के लिए रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ. प्रतिभा धीर, वरिष्ठ परामर्शदाता बाल रोग विशेषज्ञ, पूर्व बाल रोग विशेषज्ञ तथा ग्वालियर की अध्यक्ष उपस्थित रहीं। वे IAP, IMA, AHA, CMIC, NNF एवं WPF की आजीवन सदस्य भी हैं। कार्यक्रम का विषय 'प्री-टीन विकास और यौवन (प्यूबर्टी) की तैयारी को समझना' रखा गया। यह सत्र 24 अप्रैल को विद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित किया गया, जिसमें माताओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। सत्र के दौरान विशेषज्ञ द्वारा शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक परिवर्तनों पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही अभिभावकों को यह भी बताया गया कि वे अपनी बेटियों के साथ खुला और सकारात्मक संवाद स्थापित कर उन्हें इस अवस्था में आत्मविश्वासी एवं जागरूक कैसे बना सकते हैं। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. मनमीता दास रैना ने सभी उपस्थित अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि बालिकाओं के समग्र विकास के लिए माता-पिता और विद्यालय का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इस प्रकार के कार्यक्रमों को समय-समय पर आयोजित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। अंत में सभी माताओं ने इस पहल की सराहना करते हुए विद्यालय का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे उपयोगी कार्यक्रमों की अपेक्षा जताई।

## डबरा नगर पालिका अध्यक्ष को मिली राहत

**ग्वालियर।** डबरा नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मीबाई को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। ग्वालियर हाईकोर्ट ने चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। डबरा नगर पालिका उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार दुबे और अन्य पार्षदों ने याचिका लगाई थी।

याचिका में दलील दी गई थी -' 2022 में चुनी गई अध्यक्ष लक्ष्मीबाई के चुनाव का गजट नोटिफिकेशन 30 दिन के अंदर जारी नहीं हुआ इसलिए चुनाव अवैध माना जाए'। सुनवाई में कोर्ट ने पाया- 'मामला 2022 का है जबकि याचिका जनवरी 2026 में दायर की गई, इतने लंबे समय की देरी का कोई ठोस कारण नहीं बताया गया।




# नारी शक्ति एक्ट का पारित न हो पाना दुर्भाग्यपूर्ण : भाजपा

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 25 अप्रैल.** देश की माताओं-बहनों को सशक्त बनाने और निर्णय प्रक्रिया में उन्हें उचित भागीदारी दिलाने की दिशा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक महत्वपूर्ण कदम था।

इस अधिनियम का विरोध कर कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने अपनी महिला विरोधी मानसिकता को उजागर किया है। भाजपा सरकार महिलाओं को संसद में उचित स्थान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम उन्हें उनका अधिकार दिलाकर रहेंगे।

यह बात आज भाजपा नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही।

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया, भाजपा जिला महामंत्री धर्मेंद्र तोमर, जवाहर प्रजापति, राजू पलिया, जिला उपाध्यक्ष विनय जैन, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री श्रीमती खुशबू गुप्ता, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती नीलिमा शिंदे, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री श्रीमती अंजलि रायजादा, महिला मोर्चा प्रदेश सह-आई.टी प्रभारी किरण भदोरिया, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती मीना सचान, साक्षी शर्मा, करुणा सक्सेना, गिरजा जाटव उपस्थित थीं।

# स्व. बंसल की पुण्यतिथि पर लगा हृदय चिकित्सा शिविर

## 500 लोगों ने लिया लाभ

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 25 अप्रैल.** वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता स्वर्गीय राजकुमार बंसल की पांचवीं पुण्यतिथि पर शहर ने उन्हें नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए वही एक विशाल हृदय चिकित्सा शिविर का आयोजन किडीज कॉर्नर स्कूल में किया गया।



कार्यक्रम के प्रारंभ में शहर के गणमान्य नागरिकों एवं समाजसेवी संस्थाओं ने स्वर्गीय बंसल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद विवेक शेजवलकर थे, वहीं कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष नीलिमा शिंदे, विनय जैन, ब्रह्माकुमारी से प्रहलाद भाई, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा कमल मांखीजानी, जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलगुरु राजकुमार आचार्य थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सभापति भाजपा नेता लालजी जादौन ने की। संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष कंनवर किशोर मंगलानी ने किया। इस अवसर पर सुविख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ जीबी पंत हॉस्पिटल नई दिल्ली के डॉ. जमाल युसूफ को स्व. बंसल के परिवार ने स्मृति चिन्ह एवं शॉल एवं श्री फल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉक्टर जमाल ने कहा की गर्मी के समय में मनुष्य के शरीर में पानी की मात्रा पर्याप्त रहना चाहिए. उन्होंने कहा कि आज मरीजों को देखा जा रहा है जरूरत पड़ने पर दिल्ली में स्टैंट भी डाले जाएंगे। वहीं स्वर्गीय बंसल के पुत्र धीरज बंसल ने बताया कि शिविर में 350 से ऊपर मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराया। वहीं 500 से अधिक मरीजों ने डा यूसूफ जमाल से परामर्श भी लिया। इस अवसर पर चैंबर के अध्यक्ष डा प्रवीण अग्रवाल, विजय गर्ग, वरिष्ठ पत्रकार राकेश अचल, विनय अग्रवाल, उदय अग्रवाल, कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव, पूर्व मंत्री भगवान सिंह यादव, रमेश अग्रवाल, हरीश गुप्ता, देवेश शर्मा, अजय अरोरा, संदीप देव, प्रीतम बघेल, विजय जाजू, बसंत अग्रवाल, देवेन्द्र षर्मा, अन्नी गुप्ता, रानी गुप्ता, सोम अग्रवाल, आयुष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


# कार्यालय कलेक्टर जिला ग्वालियर एवं समुचित सरकार म.प्र. शासन राजस्व विभाग (म.प्र)

क्र./0004/अ-82/आ.स.क.नी./2024-25/भू-अर्जन / ग्वालियर, दिनांक 21/04/2026

## सार्वजनिक अधिसूचना

### (म.प्र. आपसी सहमति से भूमि क्रयनीति 2014 की कंडिका 11 (1) के अंतर्गत)

चूंकि मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग की आपसी सहमति से भूमि क्रयनीति अधिसूचना दिनांक 12.11.2014 एवं राजपत्र दिनांक 14.11.2014 के अंतर्गत राज्य सरकार के विभिन्न विभागों एवं उपक्रमों को सार्वजनिक प्रयोजन हेतु निर्माण की जाने वाली अधोसंरचनाओं के लिये समय-समय पर निजी भूमि की आवश्यकता पड़ती है।

इस नीति के अन्तर्गत राज्य शासन के विभाग / उपक्रम 'लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1 ग्वालियर को म.प्र. आपसी सहमति क्रय नीति 2014 के तहत ग्वालियर जिले के अंतर्गत एन.एच. 44 से जडेरूआ-बेहटा-सूरो-चंदपुरा-चकगुठीना-बहादुरपुर में सड़क निर्माण हेतु निजी भूमि की आवश्यकता हैं।

इसका विवरण निम्नानुसार है, तथा इसके भूमि स्वत्व, भूमिस्वामियों द्वारा आपसी सहमति से क्रयनीति की कंडिका 10 के अन्तर्गत अर्जन हेतु निर्धारित प्रारूप-ख में सहमति मुझे प्रस्तुत कर दी गई है। कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक-1 ग्वालियर के पत्र क्रमांक :-624 दिनांक 29/01/2026 से सर्वे क्रमांक-498 एवं 1598/99 के भूमिस्वामियों द्वारा सहमति नहीं दी जाने के कारण उक्त सर्वे नंबरों को अधिसूचना में शामिल नहीं किया गया है।

म.प्र. आपसी सहमति से भूमि क्रयनीति की कंडिका 11 (1) के अंतर्गत सर्व साधारण को सूचित करने के लिये सूचना जारी की जा रही है कि क्रयनीति के अंतर्गत अर्जित की जा रही भूमि एवं विभाग के पक्ष में क्रय किये जाने पर विचार किया जा रहा है, यदि किसी व्यक्ति को भूमि के स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो, वह सार्वजनिक सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में अवकाश के दिनों को छोड़कर कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त होने वाली आपत्तियों को न तो स्वीकार किया जावेगा और न ही उन पर किसी प्रकार का विचार किया जावेगा।

**अर्जन की जाने वाली भूमि का विवरण**

**जिला :- ग्वालियर** — **ग्राम :- सूरो**
**क्रय योग्य क्षेत्रफल :-0.561 हे. संपूर्ण सिंचित रकबा** — **तहसील :- मुरार**

| स.क्र. | भूमि स्वामी का नाम पिता का नाम एवं निवास स्थान | सर्वे नं. | कुल क्षेलफल (हे.में) | अर्जित क्षेत्रफल (हे.में) | अन्य सम्पत्ति | अन्य संरचना |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मथुराप्रसाद पुत्र विद्याराम जाति ब्राह्मण पता निवासी ग्राम सूरो 83 मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 1/5. हरीशंकर पुत्र विद्याराम जाति ब्रा. पता निवासी ग्राम सूरो मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 1/5, केशवप्रसाद पुत्र विद्याराम जाति ब्राह्मण पता निवासी ग्राम सूरो मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 1/5, अजयशंकर पुत्र विद्याराम जाति ब्रा. पता निवासी ग्राम सूरो मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 1/5, कस्तूरीबाई बेवा विद्याराम जाति ब्रा. पता निवासी ग्राम सूरो मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 1/5 | 83 | 0.0200 | 0.018 | -- | -- |
| 2. | राधेलाल पुत्र चन्द्रभान जाति ब्रा. पता सूरों मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | 95 | 0.0100 | 0.003 | -- | -- |
| 3. | बलदेवप्रसाद पुत्र चिरौंजीलाल जाति ब्रा. पता निवासी ग्राम भूमि स्वामी, भाग हि. रकबा 1/0.270 हे., रूपसिंह पुत्र विरखाराम जाति ब्रा. पता निवासी चक केशोपुर भूमि स्वामी हि. रकवा 0.340 हे. कुल भाग 1/3, रामनाथ, कालीचरण पुत्रगण रघुवर जाति ब्रा. पता नि. ग्राम भूमि स्वामी 1/3 समान, द्वारकाप्रसाद, घनश्याम पुत्रगण रामभरोसे मु.मुन्नीबाई बेवा रामभरोसे जाति ब्रा. पता निवासी ग्राम भूमि स्वामी हि. 11/150, बेवी गुड्डी हि बा. रेखा नाबा. पुत्रियां रामभरोसे सरपरस्त मां. खुद मुन्नीबाई जाति ब्रा. पता निवासी ग्राम भूमि स्वामी 1/150 समान, रामेश्वर, रामजीलाल, रामाधार पुत्रगण विन्द्रावन सर. मां. खुद मुन्नीबाई जाति ब्रा. पता निवासी ग्राम भूमि स्वामी हि. 6/25 समान, सन्तिया पुत्री विन्द्रावन जाति ब्रा. पता निवासी ग्राम भूमि स्वामी हि. 1/75 | 97 | 0.0400 | 0.009 | -- | -- |
| 4. | श्रीमती राजेश्वरी पत्नी रामप्रसाद पता सूरों मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 1/4, अनिल दुबे पुत्र रामप्रसाद पता सूरों मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 1/4, राहुल पुत्र रामप्रसाद पता सूरों मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 1/4, रीना पुत्री रामप्रसाद पता सूरों मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 1/4 | 99 | 0.0300 | 0.01 | -- | -- |
| 5. | भजनलाल पुत्र सुमेर सिंह जाति राठौर पता सूरो मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी। | 745 | 1.0800 | 0.030 | | |
| 6. | श्यामकुमार पुत्र राधेश्याम जाति ब्रा. पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 20/1312, मुन्नीदेवी पत्नी श्रीकृष्ण जाति ब्रा. पता निवासी ग्राम सूरों मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 60/1312, सियाराम पुत्र भोगीराम जाति ब्रा. पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी भाग 60/1312, कालीचरन पुत्र मंगलप्रसाद जाति ब्रा. पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी भाग 160/1312, किशोरी पुत्र मवासी जाति काछी पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी भाग 240/1312, भूरा पुत्र दुन्डा पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 240/1312, दक्खो पुत्री टुन्डा पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 240/1312, गुटई पुत्र उत्तमसिंह पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी भाग 73/1312, पन्चू पुत्र उत्तमसिंह पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 73/1312, पप्पू पुत्र उत्तमसिंह पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 74/1312, हुकुमसिंह पुत्र किशुनलाल पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 7/1312, तेजसिंह पुत्र किशुनलाल पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 7/1312, मन्टोले पुत्र किशुनलाल पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 7/1312, रामप्रकाश पुत्र किशुनलाल पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 7/1312, सभाराम पुत्र किशुनलाल पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 7/1312, भंवरसिंह पुत्र किशुनलाल पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 1312, कैलासी देवा रामा जाति राठौर पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 8/1312, बर्फीदेवी बेवा लज्जाराम जाति राठौर पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 10/1312, अशोक पुत्र लज्जाराम जाति राठौर पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 10/1312, नीलम्, ग्यासो पुत्री उत्तमसिंह जाति राठौर पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 2/1312 | 437 | 0.2400 | 0.0120 | | |
| 7. | देवीराम पुत्र रघुवरदयाल जाति ब्रा. पता निवासी ग्राम सूरों मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 151/473, महेशप्रसाद पुत्र रघूवरदयाल जाति ब्रा. पता निवासी ग्राम सूरों मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 151/473, बलदेवप्रसाद पुत्र रघूवरदयाल जाति ब्रा. पता निवासी ग्राम सूरों मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 151/473, कमला पुत्री रघूवरदयाल जाति ब्रा. पता निवासी ग्राम सूरों मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 20/473, | 438/1 | 0.2315 | 0.013 | | |
| 8. | अनीता श्रीवास्तव पत्नी भूपेन्द्र श्रीवास्तव पता आजाद नगर लव फोटोकॉपी ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी। | 438/2 | 0.0785 | 0.013 | | |
| 9. | देवीराम पुत्र रघुवरदयाल जाति ब्रा. पता निवासी ग्राम सूरों मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 151/473, महेशप्रसाद पुत्र रघूवरदयाल जाति ब्रा. पता निवासी ग्राम सूरों मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 151/473, बलदेवप्रसाद पुत्र रघूवरदयाल जाति ब्रा. पता निवासी ग्राम सूरों मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 151/473, कमला पुत्री रघूवरदयाल जाति ब्रा. पता निवासी ग्राम सूरों मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 20/473, | 439/3 | 0.2415 | 0.025 | | |
| 10. | अनीता श्रीवास्तव पत्नी भूपेन्द्र श्रीवास्तव पता आजाद नगर लव फोटोकॉपी ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी। | 439/4 | 0.0785 | 0.025 | | |
| 11. | बलदेवप्रसाद पुत्र रघूवरदयाल जाति ब्रा. पता सूरों मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | 440 | 0.0300 | 0.007 | | |
| 12. | मु. जलदेवी बेवा लच्छीराम उर्फ लक्ष्मीनारायण जाति ब्रा. पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 1/4, भीखाराम पुत्र लच्छीराम उर्फ लक्ष्मीनारायण जाति ब्रा. पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 1/4, केदार पुत्र गोपाल जाति ब्रा. पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 1/2 | 446 | 0.7700 | 0.042 | | |
| 13. | मु, मुन्नीबाई बेवा शिवनारायण, रामनिवास, राजू, सोनू पुत्रगण शिवनारायण जाति ब्रा. पता ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 1/2, रामसेवक पुत्र लज्जाराम जाति ब्रा. पता ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 1/2 | 449 | 0.5000 | 0.028 | | |
| 14. | मु. मुन्नीबाई बेवा शिवनारायण, रामनिवास, राजू, सोनू पुत्रगण शिवनारायण जाति ब्रा. पता ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 1/2, रामसेवक पुत्र लज्जाराम जाति ब्रा. पता ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 1/2 | 483 | 0.2000 | 0.028 | | |
| 15. | मु. सुशीला पत्नी तोताराम जाति ब्रा. पता सूरों मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 1/3, मुकेश पुत्र तोताराम जाति ब्रा. पता सूरों मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 1/3, रामवरन पुत्र तोताराम जाति ब्रा. पता सूरों मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 1/3 | 496 | 0.0600 | 0.032 | | |
| 16. | मु. मुन्नीबाई बेवा शिवनारायण, रामनिवास, राजू सोनू पुत्रगण शिवनारायण जाति ब्रा. पता ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 1/2, रामसेवक पुत्र लज्जाराम जाति ब्रा. पता ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 1/2 | 497 | 0.6500 | 0.025 | | |
| 17. | परसराम पुत्र काशीराम जाति ब्रा. पता निवासी ग्राम निवासी ग्राम मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 1/2, केदार पुत्र काशीराम जाति ब्रा. पता निवासी ग्राम निवासी ग्राम मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 1/2 | 747 | 0.1700 | 0.032 | | |
| 18. | भागीरथ पुत्र भरोसीलाल जाति कोरी पता सूरों मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी। | 748 | 0.3100 | 0.020 | | |
| 19. | अजमेर सिंह पुत्र भरोसीलाल जाति कोरी पता सूरों ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी। | 757 | 0.2000 | 0.012 | | |
| 20. | भगवतीप्रसाद पुत्र भरोसीलाल जाति कोरी पता सूरों ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी। | 758 | 0.2000 | 0.010 | | |
| 21. | अन्तराम पुत्र भरोसीलाल जाति कोरी पता सूरों ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी। | 761 | 0.1300 | 0.008 | | |
| 22. | शिवसिंह पुत्र नेतराम सिंह जाति गुर्जर ठाकुर पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी। | 762/3/1 | 0.3350 | 0.020 | | |
| 23. | अशोककुमार शर्मा पुत्र रामस्नेही शर्मा पता ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी। | 762/4 | 0.1220 | 0.006 | | |
| 24. | अर्चना शर्मा पत्नी अशोक शर्मा पता निवासी 170 डी संकट मोचन नगर सुरैयापुरा मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी। | 762/5 | 0.1340 | 0.005 | | |
| 25. | लक्ष्मी पत्नी आर.डी. गुप्ता जाति वैश्य ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी। | 775 | 0.0360 | 0.020 | | |
| 26. | रामनिवास पुत्र बालकिशन जाति ब्रा. पता सूरो मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी। | 776 | 0.2200 | 0.056 | | |
| 27. | मंगलसिंह पुत्र रघुवरदयाल जाति कुशवाह पता ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी भाग 1460/3800, श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता पत्नी आर.डी. गुप्ता पता निवासी 247 माधवनगर ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 950/3800, कौशलकिशोर दुबे पुत्र बाबूलाल पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 45/3800, जमुनाप्रसाद दुबे पुत्र बाबूलाल पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 45/3800, राधाकिशन दुबे पुत्र बाबूलाल पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 45/3800, पुखोबाई पत्नी लाखाराम पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 11/3800, अमरीश दुबे पुत्र लाखाराम पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 12/3800, रितु पुत्री लाखाराम पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 11/3800, नीतू पुत्री लाखाराम पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 11/3800, द्रोपती पत्नी हुकमसिंह पता बिरला नगर ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 83/3800, श्रीमती कमला पत्नी हनुमंत सिंह जाति तोमर ठाकुर पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 170/3800, पवन, प्रमोद शर्मा पुत्रगण रामनाथ शर्मा जाति ब्रा. पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 120/3800, रामकटोरी पुत्री मोतीराम जाति ब्रा. पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 577/3800, रामनाथ कालीचरण पुत्र रघुवरदयाल जाति ब्रा. पता मुरार ग्वालियर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी भाग 260/3800 | 778 | 0.2100 | 0.007 | | |
| | योग | 6.327 | 0.516 | | | |

मध्य प्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(रुचिका चौहान)
कलेक्टर ग्वालियर एवं समुचित सरकार
म.प्र. शासन, राजस्व विभाग

G-11991/26